## माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में राजभवन, पटना में दिनांक–06.09.2019 को वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति, प्रतिकुलपति, वित्तीय सलाहकार, कुलसचिव एवं महाविद्यालय निरीक्षक के साथ समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

---

उपस्थिति–प्रपत्र–ए के अनुसार।

दिनांक–06.09.2019 को माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक, महाविद्यालय निरीक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा की गयी।

बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व सर्वप्रथम श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव द्वारा माननीय कुलाधिपति तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। उनके द्वारा बैठक के लिए निर्धारित एजेंडा (संलेख) विशेषकर शैक्षणिक एवं परीक्षा सत्र का अनियमित होना, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के नैक मूल्याकंण, बायोमेट्रीक उपस्थिति, उपयोगिता प्रमाण–पत्र का समर्पण, निर्धारित दिशा–निर्देश के आलोक में अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) की नियुक्ति, B.S.E.I.D.C. द्वारा कराये जा रहे कार्यों, विश्वविद्यालय स्तर पर जन–शिकायत निवारण के अन्तर्गत निष्पादित मामलों, नियमित रूप से पेंशनादि के भुगतान आदि के संबंध में माननीय कुलपति से त्वरित कार्रवाई करने अनुरोध किया गया।

**माननीय कुलाधिपति द्वारा अपने संबोधन में निम्न बिन्दुओं पर बल दिया गया:–**

1. माननीय कुलाधिपति द्वारा शैक्षणिक सत्र को नियमित समय पर संचालन करने, परीक्षाओं के ससमय आयोजन, परीक्षाफल के ससमय प्रकाशन तथा दीक्षांत समारोह (Convocation) को नियमित अन्तराल पर आयोजित कराने का निदेश दिया गया।
2. सभी महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन के लिए नियमित अन्तराल पर विश्वविद्यालय स्तर पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।
3. सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को सेवानिवृति के दिन ही पेंशनादि का भुगतान करने का निदेश दिया गया। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों का सेवानिवृति की तिथि से छः

माह पूर्व ही सभी पेंशन–प्रपत्र को भरने तथा आवश्यक सूचनाओं के संग्रहण का निदेश दिया गया।

4. आधारभूत संरचना को विकसित करने तथा अन्य मदों में उपलब्ध करायी गयी निधि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को ससमय उपलब्ध कराया जाय।
5. शिक्षकों की कमी को देखते हुए अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) को निर्धारित दिशा–निदेश के अनुसार स्वीकृत पद का आकलन कर नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाय।
6. वृहत पैमाने पर वृक्षारोपन, विशेषकर फलदार वृक्ष लगाने का निदेश दिया गया। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए वनपोषक आदि की सेवा, आवश्यकतानुसार लेने का निदेश दिया गया।
7. जल संरक्षण को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जाय तथा भवनों में Rain Water Harvesting की सुविधा मुहैया कराया जाय।
8. माननीय कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय को गाँवों को गोद लेने का निदेश दिया गया। इन गाँवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, नशाबंदी के संबंध में प्रचार–प्रसार, तम्बाकु, गुटखा से होने वाली बीमारियों, सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूकता, स्वच्छता अभियान आदि के प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया।
9. विश्वविद्यालय में नामांकन पूरा होने के एक माह बाद छात्र संघ के चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाय। यथासंभव अक्टूबर माह में चुनाव कराया जाय।
10. योजनाओं के कार्यान्वयन में उसकी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाय।
11. माननीय कुलाधिपति द्वारा महाविद्यालयों तथा स्नात्तकोत्तर विभागों में नियमित कक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया तथा कुलपति को स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करने का निदेश दिया गया।
12. माननीय कुलाधिपति द्वारा स्वच्छ तथा कदाचारमुक्त परीक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया।

13. माननीय कुलाधिपति द्वारा अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित स्वयं वित्त पोषित पाठ्यक्रमों (Self Financed Courses) में यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश दिया गया।

14. माननीय कुलाधिपति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में गांधी दर्शन पर संगोष्ठी, सेमिनार, संवाद, आदि के आयोजन का निदेश दिया गया।

15. माननीय कुलाधिपति द्वारा बायोमेट्रिक मशीन को तोड़ने वालों पर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**माननीय कुलाधिपति के संबोधन के पश्चात वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की समीक्षा निम्न 32 बिन्दुओं पर की गयी।**

**1- Current & Pending Exam and Academic Calendar.**

स्नातक स्तर

| Status of conduct of Exam UG (Regular Course) of VKSU, Ara | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Session | Closing date of admission | Part - I | | Part – II | | Part - III | |
| | | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results |
| 2017-20 | 02.09.2017 | 16.01.2019 8 Months | 18.05.2019 11 Months | 30.09.2019 4 Months | 15.12.2019 6 Months | 20.04.2020 | 10.06.2020 |
| 2018-21 | 23.11.2018 | 05.11.2019 6 Months | 07.01.2020 7 Months | 15.05.2020 | 15.07.2020 | | |
| 2019-22 | | 08.05.2020 | 15.06.2020 | | | | |

स्नातकोत्तर स्तर

| Status of conduct of Exam PG (Regular Course) of VKSU, Ara | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Session | Closing date of admission | Part/Sem - I | | Part/Sem – II | | Part/Sem - III | | Part/Sem - IV | |
| | | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results |
| 2017-19 | 21.12.2017 | 24.06.18 7 Months | 24.10.18 10 Months | 06.03.19 10 Months | 10.06.2019 12 Months | 17.08.19 9 Months | 30.09.2019 9 Months | 05.11.2019 6 Months | 20.12.2019 6 Months |
| 2018-20 | | 22.08.19 9 Months | 15.10.19 11 Months | 15.11.19 6 Months | 31.12.2019 6 Months | 01.02.20 3 Months | 15.03.2020 3 Months | 15.05.2020 | 30.06.2020 |
| 2019-21 | | | | | | | | | |

2. **Status of NAAC.**

18 अंगीभूत महाविद्यालय में से 10 की नैक ग्रेडिंग की गयी है। शेष 8 महाविद्यालयों में 7 का एस.एस.आर. समर्पित करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी है।

3. **Digital Initiative and Status of UMIS and Yearly Expenditure on it.**

UMIS पर लगभग 02.25 करोड़ रूपए के व्यय की जानकारी कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा दी गयी तथा प्रति छात्र 120 रूपए का दर Student Cycle के लिए निर्धारित किया गया है।

4. **Submission of Research Projects.**

9 Research Project U.G.C. को समर्पित करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी। कोई भी प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हुआ है।

## 5. Plantation Drive and Rain Water Harvest Project.

प्रतिवेदन निम्नवत है:—

Agenda no. 5

### PROGRESS REPORT FOR PLANTATION IN - 2019

Name of the University : Veer Kunwar Singh University, Ara

Name of the Co-ordinator : Dr. Rajiv Kumar

Whatsapp/Contact No. of NSS Co-ordinator : 9334065746

Email ID : drrajivkumar25@gmail.com

Date of The Report : 05-09-2019

| Sl. No. | Name of the College/ P.G. Department | Total area available for Plantation during 2019 (In Square Feet) | Total No. of Plants Proposed to be planted during 2019 | Total No. of Plants Planted So Far during 2019 | Percentage of Pla on Aug., 20 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | H.D.Jain College Ara | 5000 | 500 | 410 | 82% |
| 2 | Jagjeevan College, Ara | 1500 | 500 | 430 | 86% |
| 3 | Shershah College, Sasaram | 20000 | 5000 | 500 | 10% |
| 4 | S.B College, Ara | 3000 | 25 | 20 | 80% |
| 5 | Mahila College Daim anagar | 3000 | 150 | 100 | 66% |
| 6 | Rohtas Mahila College Sasaram | 3000 | 30 | [illegible] | 60% |
| 7 | M.M.Mahila College, Ara | 3000 | 25 | 20 | 80% |
| 8 | S.V.P.College, Bhabua | 20305 | 5820 | 5210 | 89% |
| 9 | Maharaja College Ara | 3000 | 100 | 50 | 50% |
| 10 | S.N.College, Shahmal Kharadeo | 20700 | 1150 | 1050 | 91% |
| 11 | M.V.College, Buxar | 10060 | 1200 | 800 | 60% |
| 12 | G.B.College Ramgarh | 2602 | 615 | 513 | 84% |
| 13 | S.P.Jain College, Sasaram | 21000 | 1500 | 900 | 60% |
| 14 | D.K College Dumraon | 2725 | 150 | 200 | 15% |
| 17 | Sri Shanbkar College Sasaram | 500 | 20 | 15 | 75% |
| 15 | J.L.N.College, Dehri On-Son | 1200 | 300 | 20 | [illegible] |
| 15 | A.S College Bikramganj | 3000 | 100 | 55 | 55% |

05/09/19

(Dr. Rajiv Kumar)

N.S.S. Co-ordinato

V.K.S.University, A

05/09/19

6. **Monitoring of B.Ed. Post/Hed Post**.

B.Ed. Post पर सभी महाविद्यालयों द्वारा Photograph Upload करने की जानकारी दी गयी तथा H.Ed. Post पर सभी अंगीभूत महाविद्यालयों का Data Upload किया गया है।

7. **Progress of Online Degree Distribution.**

3000 प्राप्त आवेदन–पत्रों में से 1901 को डिग्री का वितरण किया गया है।

8. **Affiliation of Colleges**

संबंधन का कोई भी प्रस्ताव लंबित नहीं रहने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

9. **Bio Metric Attendance.**

विश्वविद्यालय द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने एवं कुछ महाविद्यालय द्वारा सहयोग नहीं करने की शिकायत की गयी।

कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा को अपने स्तर से समस्या का निराकरण करने का निदेश दिया गया।

शिक्षकों का वेतन भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से लिंक करने का निदेश दिया गया।

10. **Demand submission for Women's College & Girl Students to Education Department.**

महिला महाविद्यालयों में अध्ययनरत महिला छात्राओं के फीस नहीं लेने के कारण उसकी क्षतिपूर्ति का प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजने की सूचना दी गयी।

विशेष सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि सभी विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव प्राप्त नहीं होने के कारण समेकित रूप से भुगतान की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय द्वारा नामांकन के अनुसार कुछ राशि (Token money) विश्वविद्यालयों को भेजने का अनुरोध किया गया।

**11. Utilization of fund for Laboratory & Library.**

स्थिति निम्नवत हैः—

विश्वविद्यालय के अधीन अंगीभूत कॉलेजों के प्रयोगशाला सुदृढ़िकरण हेतु रू 10,20,000/—(दस लाख बीस हजार मात्र) एवं अंगीभूत कॉलेजों के पुस्तकालय हेतु रू 39,00,000/—(उनतालिस लाख मात्र) धनराशि प्राप्त हुई थी जिसे कोषागार में जमा किया गया था, लेकिन सी.एफ.एम.एस. प्रणाली लागू होने के कारण उक्त बैंक ड्राफ्ट की राशि विश्वविद्यालय के पी.एल. खाता में नहीं आ सकी है।

**12. Guest Faculty Appointment & Submission of demand to Education Department.**

अतिथि शिक्षक की नियुक्ति की कार्रवाई प्रकियाधीन है। दिनांक—16.09.2019 को साक्षात्कार की तिथि निर्धारित है।

**13. Solar Energy Installation.**

29.44 लाख रूपए से Grid Connected Roof Top Solar Power Plant का कार्य BREDA के माध्यम से कराये जाने की जानकारी कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा दी गयी।

**14. Sports & Cultural Activities (Eklavya & Tarang)**

कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा बताया गया कि एकलव्य एवं तरंग प्रतियोगिता के आयोजन हेतु फुटबॉल, एथेलेटिक, खो—खो, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, टेबुल—टेनिस, शतरंज आदि प्रतियोगिताओं तथा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय का स्पोर्टस कैलेंडर प्रकाशित किया गया है।

**15. Submission of Infrastructure Project to Education Department.**

राज्य सरकार को आधारभूत संरचना को विकसित करने हेतु 11.59 करोड़ (ग्यारह करोड़ उनसठ लाख) रूपए का प्रस्ताव समर्पित किया गया है।

**16. Adoption of Village.**

कुलपति द्वारा 18 गाँवों को गोद लेने की जानकारी दी गयी। गोद लिये गये गाँवों में विशेष स्वच्छता अभियान प्रारम्भ करने, सामाजिक जागरूकता फैलाने तथा शिक्षा के प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया।

**17. Pension & Retirement Benefit Payment.**

प्रतिवदन निम्नवत है:–

*Agenda no:- 17.*

B1 - Monthly Report Regarding Pending Pension /Retiral Benefits of Teaching Staff

Name of the University: VEER KUNWAR SINGH UNIVERSITY ARA    Report upto August 2019

| S. NO | Subject | No of Pending cases of Retiral benefits as on 31-7-2019 | Fresh Cases of pending retiral benefits after 01-08-2019 | No of Total Cases | Cases disposed till 07-09-2019 | Number of Pending Cases | Percentage of Execution |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Pension | 3 | 3 | 6 | [illegible] | 5 | 17% |
| 2 | Providend Fund | 3 | 3 | 6 | 1 | 5 | 17% |
| 3 | Gratuity | 3 | 3 | 6 | 1 | 5 | 17% |
| | Group Insurance | 35 | 3 | 38 | 20 | 18 | 53% |

D.A    S.O    OSD.Pen.    F.O    Regist[rar]

**18. Updating of Data on H.Ed. Post**

H.Ed. Post में सभी अंगीभूत महाविद्यालयों का Data Upload किया जा चुका है।

कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से अनुरोध किया गया कि संबद्ध महाविद्यालयों (Affiliated college) का Data भी H.Ed. Post पर Upload कराना सुनिश्चित किया जाय।

**19. Status of Disposal of Grievance Redressal.**

कुल 29 प्राप्त शिकायतों में से 15 का निष्पादन किया गया।

निर्णय लिया गया कि सातवें वेतन आयोग के अन्तर्गत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को लाभान्वित करने हेतु उनके वेतन का निर्धारण करते हुए शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजा जाय जिससे कि सावतें वेतन पुनरीक्षण का लाभ शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को भी प्रदान किया जा सके।

**20. Project of 'Khelo India'.**

खेलो इंडिया के अन्तर्गत आउटडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए स्थल का चयन किया जा चुका है और इससे संबंधित प्रस्ताव शीघ्र ही भेजा जाएगा।

**21. Court Cases.**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा 113 लंबित वादों में 71 के निष्पादन करने तथा 42 के लंबित रहने की सूचना दी गयी।

लंबित वादों को शीघ्र निष्पादित करने का निदेश कुलपति को दिया गया।

**22. Girls' Toilet**

6 इकाई महिला शौचालय के निर्माण की स्वीकृति दी गयी है तथा इसका निर्माण कार्य B.S.E.I.D.C.के माध्यम से किया जाएगा। स्थल का चयन किया जा चुका है, परन्तु निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं होने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**23. Student's Union Election**

स्नातक 2019–22 तथा स्नातकोत्तर 2019–21 के सत्र में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् छात्र संघ का चुनाव अक्टूबर, 2019 में कराने का आश्वासन कुलपति, वीर कुंवर सिंह विशविद्यालय, आरा द्वारा दिया गया।

**24. 2nd October 'Cleanness Drive and use of one time Plastic.**

2 अक्टूबर को गाँधी जयन्ती के अवसर पर शैक्षणिक स्थल तथा अनुसूचित जाति की बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का निर्णय विशविद्यालय द्वारा लिया गया है। प्लास्टिक का उपायोग नहीं करने के लिए **"झोला मार्च"** के आयोजन की जानकारी दी गयी जिसके अन्तर्गत सभी व्यक्तियों/छात्रों को कपड़े या जूट से बने झोले या थैला लेकर बाजार जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**25. NAD 'National Academic Depository'.**

कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा 10 दिसम्बर, 2018 को NAD का एकरारनामा करने की जानकारी दी गयी।

**26. NDL 'National Digital Library'.**

विश्वविद्यालय से अनुरोध किया गया कि नवनामांकित छात्रों का NDL में निबंधन नामांकन के समय ही करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। यथासम्भव नामांकन प्रपत्र में तथा परीक्षा प्रपत्र में, NDL में रजिस्ट्रेशन का एक कॉलम बनाया जाय।

**27. Status of coverage of teachers and non-teaching employees under Comprehensive Financial Management System (CFMS).**

सभी स्थायी कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का निबंधन किया गया है। CFMS में निबंधित कार्यरत कर्मचारियों की संख्या–1016 है। अन्य संविदा कर्मियों को भी CFMS से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है।

कुलपति से सभी पेंशनधारियों का रजिस्ट्रेशन CFMS में करने का अनुरोध किया गया।

**28. Status of submission of proposal for curriculum revision of Under-Graduate courses.**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा को राजनीति शास्त्र, दर्शन शास्त्र तथा भोजपुरी के CBCS pattern पर स्नात्तक पाठ्यक्रम के संशोधन करने का कार्य दिया गया है।

कुलपति द्वारा बताया गया कि शीघ्र पाठ्यक्रम में संशोधन के पश्चात् संशोधित पाठ्यक्रम राज्यपाल सचिवालय को समर्पित किया जाएगा।

**29. Vacancies of teachers.**

कुलपति को शिक्षकों की रिक्ति का आकलन कर स्वीकृत बल के विरूद्ध प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजने का निदेश दिया गया।

**30. Status of joining of teachers recommended by BPSC.**

BPSC द्वारा अनुशंसित सभी शिक्षकों का योगदान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

**31. Status of submission of Utilization-Certificate for development assistance given by Deptt. of Education.**

शिक्षा विभाग तथा अन्य संस्था से प्राप्त निधि का Utilization-Certificate समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**32. Status of conduct of Smart Classes.**

सभी स्नात्तकोत्तर विभागों तथा महाविद्यालयों में Smart Class द्वारा वर्ग–संचालन का निदेश दिया गया।

**समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये।**

1. विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र अद्यतन रखते हुए ससमय परीक्षा का संचालन तथा परीक्षाफल के प्रकाशन का निदेश दिया गया। विश्वविद्यालय को परीक्षाओं से संबंधित सूचनाओं को अपने वेवसाईट पर Upload करने का निदेश दिया गया।
2. विश्वविद्यालय को सभी महाविद्यालयों का नैक मूल्याकंण शीघ्र करने हेतु निदेश दिया गया।
3. विज्ञान के साथ–साथ कला (Arts) से संबंधित Research Project भी समर्पित करने का निर्णय लिया गया।
4. विश्वविद्यालय को Rain Water Harvesting का अपना प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजते हुए उसकी एक प्रति राज्यपाल सचिवालय को भी समर्पित करने का निदेश

दिया गया ताकि विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव की स्वीकृति की दिशा में कार्रवाई की जा सके।

5. परिनियम के अनुसार शिक्षकों की प्रत्येक कार्य दिवस में कम–से–कम 5 घंटे तथा प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम 40 घंटे की उपस्थिति महाविद्यालयों तथा स्नातकोत्तर विभागों में सुनिश्चित की जाय।
6. B.S.E.I.D.C. द्वारा विश्वविद्यालय या महाविद्यालयों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कम–से–कम 15 दिनों पर विशेष सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा की जाय।
7. छात्राओं के फीस नहीं लेने की प्रतिपूर्ति हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत महिला छात्रों की संख्या का आकलन कर "Token Money" निर्गत करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया जाय।
8. सेवा निवृत होने वाले कर्मियों के सेवांत लाभ से संबंधित प्रपत्र तथा अन्य जानकारी सेवा निवृति की तिथि से 6 माह पूर्व ही प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
9. छात्र संघ का चुनाव वर्तमान सत्र में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् एक माह के भीतर यथासंभव अक्तूबर माह में कराया जाय।
10. C.F.M.S. के अन्तर्गत सभी कार्यरत्त शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ–साथ सभी पेंशनधारियों की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाय।
11. वृक्षा रोपन के अन्तर्गत फलदार वृक्षों के रोपने पर विशेष बल दिया जाय। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए सभी सम्भव उपाय किये जायें। आवश्यकतानुसार वन पोषक तथा अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति वृक्षों को जीवित रखने के लिए की जाय।
12. महाविद्यालयों के संबंधन हेतु सम्पूर्ण सत्र के संबंधन की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया गया।
13. जून, 2020 तक सभी लंबित परीक्षाओं के आयोजन तथा परीक्षाफल प्रकाशन का निर्देश दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये कार्यक्रम में यदि, परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में कोई संशोधन किसी भी परिस्थिति में, करने की आवश्यकता हो तो माननीय कुलाधिपति का आदेश प्राप्त किया जाए।
14. सभी अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा न्यूनतम एक स्मार्ट क्लास प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

15. शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अनाधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लेने का निर्णय लिया गया।

16. शिक्षकों को आवास किराया भत्ता इनके आवासीय पता के निरीक्षण के उपरांत ही भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

17. विश्वविद्यालय स्तर पर सातवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर वेतन सत्यापन कर वेतन revision का प्रस्ताव राज्य सरकार के शिक्षा विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया जिससे कि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन का लाभ मिल सके।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

ह0/–

**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**

**माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव**

ज्ञापांक– बी०एस०यू०(मीटिंग) ५९/१८ – २९३२ /रा.स.(।।।), दिनांक– ०९-१०-२०१९

**प्रतिलिपि:**–

1. वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति /प्रतिकुलपति/वित्तीय सलाहकार/ कुलसचिव/महाविद्यालय निरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव / निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. माननीय कुलाधिपति के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के आप्त सचिव / सभी संबंधित पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ।
4. श्री बिजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. राजभवन, पटना को वेबसाइट पर अपलोड करने/गार्ड फाईल में संधारन हेतु।

९.१०.१९

**(बिजय कुमार)**

**अपर सचिव**

**राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना।**